गांधीसागर के जंगलों में आज छोड़ी जाएगी मादा चीता सीसीबी 2

कूनो की परिस्थितियों को सहजता से अपनाने के बाद गांधीसागर में भरेगी फर्राटे

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोजेक्ट चीता के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को बोत्सवाना से भारत लाई गई मादा चीता सीसीबी2 को गांधीसागर अभयारण्य के जंगलों में विमुक्त करेंगे। नई मादा चीता के गांधीसागर पहुंचने के साथ अभयारण्य में दो नर और दो मादा सहित कुल चार चीते हो जाएंगे। इससे गांधीसागर में चीता संरक्षण एवं पुनर्स्थापना के प्रयासों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

बोत्सवाना से भारत लाई गई सीसीबी2 को 28 फरवरी 2026 को श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था। क्वारंटीन अवधि पूरी करने के बाद उसे मई 2026 में कूनो के जंगल में विमुक्त किया गया। सीसीबी2 ने भारतीय परिस्थितियों को सहजता और तेजी से अपनाया तथा कूनो के वन परिदृश्य से सामंजस्य स्थापित करते हुए स्वयं को वहां की पारिस्थितिकी में ढाल लिया। अब सीसीबी2 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान से गांधीसागर अभयारण्य स्थानांतरित किया जा रहा है। यहां वह तीन अन्य चीतों के साथ रहेगी। गांधीसागर अभयारण्य में प्रभाष, पावक और धीरा पहले से मौजूद हैं।

सीसीबी2 के गांधीसागर पहुंचने से अभयारण्य में चीता संरक्षण और पुनर्स्थापना के प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद है। बोत्सवाना से भारत और फिर कूनो से गांधीसागर तक उसका सफर चीता संरक्षण के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वन्य पारिस्थितिकी में स्थानांतरण के माध्यम से सीसीबी2 अब गांधीसागर के वातावरण में स्वयं को ढालने की प्रक्रिया शुरू करेगी।

राजयोगिनी अवधेश दीदी की प्रथम पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सुख शांति भवन, भोपाल की पूर्व अध्यक्ष एवं ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन की राजयोगिनी अवधेश दीदी की प्रथम पुण्य स्मृति के अवसर पर 20 सितंबर को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज, सुख शांति भवन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस विशेष अवसर पर ब्रह्माकुमारीज, माउंट आबू की राष्ट्रीय संयोजिका, महिला प्रभाग (आरईआरएफ) राजयोगिनी शारदा दीदी जी का विशेष सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम 20 सितंबर, रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ब्रह्माकुमारीज, सुख शांति भवन, मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर, नीलबड़, भोपाल में होगा। कार्यक्रम में राजयोग भवन, भोपाल की प्रभारी बीके नीता दीदी एवं सुख शांति भवन भोपाल की प्रभारी बीके आराधना दीदी की उपस्थिति रहेगी।

हिन्दी भवन में 'वरिष्ठ विमर्श' संपन्न

हिन्दी के प्रति 'हीनता' नहीं, गौरव का भाव जगाना होगा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति नियमित श्रंखला 'वरिष्ठ विमर्श' का आयोजन शनिवार, 19 सितम्बर को हिन्दी भवन में संपन्न हुआ। विमर्श में इस बार ' राष्ट्रभाषा की दृष्टि क्या होना चाहिए' विषय पर विचार-विनिमय किया गया।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी केके सेठी की अध्यक्षता में हुए इस विमर्श में समिति के मंत्री डॉ. विकास दवे ने कहा कि हमें हिन्दी के प्रति हीनता नहीं, बल्कि गौरव का भाव जगाना होगा। तभी हम हमारी हिन्दी को अपेक्षित सम्मान दिला पाएंगे। समिति के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने कहा कि हिन्दी को बढ़ाने में हिन्दी के लोग ही पीछे रहते हैं। जिस दिन हिन्दी को हिन्दीभाषियों ने ही सम्मान दिया उस दिन हिन्दी गौरवशाली स्थान पा लेगी। वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. एनडी गार्गव ने कहा कि भाषा जोड़ती है।

हमें दूसरी भाषाओं के प्रति भी सम्मान का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को एक से अधिक भाषा का ज्ञान होना चाहिए। डॉ. मीना शुक्ला का कहना था कि एक देश एक भाषा होनी चाहिए। विमर्श में डॉ. मंजू शुक्ला,राधारानी चौहान, सरोज दवे, वंदना जोशी, डॉ. गौरीशंकर गौरीश,गोकुल सोनी सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने विचार रखे। संचालन विमर्श के संयोजक महेश सक्सेना ने किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए किया प्रेरित

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, नवाचार, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों के सपनों और विचारों में ही आने वाले भारत की दिशा और संभावनाएं दिखाई देती हैं।

मंत्री सिंह शनिवार को मॉडल स्कूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टीटी नगर, भोपाल में आयोजित सेवा संकल्प अभियान राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से युवा शक्ति की सहभागिता से साकार होने वाला राष्ट्रीय संकल्प है।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, नवाचार और सकारात्मक सोच के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शनिवार को 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विद्यार्थियों ने चित्रकला और भाषण के माध्यम से विकसित भारत, आत्मनिर्भरता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के बाद मंत्री सिंह ने अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

सेवा सदन में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में एडीआर (प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया) रिपोर्टिंग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की रोगी सुरक्षा एवं फार्माकोविजिलेंस एसोसिएट सुश्री आरनिका जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने रोगी सुरक्षा, दवाओं के सुरक्षित उपयोग तथा फार्माकोविजिलेंस के महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान दवाओं के संभावित प्रतिकूल प्रभावों की पहचान और उनकी समय पर रिपोर्टिंग मरीजों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अस्पताल आने वाले मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सावधानियों पर भी चर्चा की गई। मरीजों की सुरक्षा को अस्पताल की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

नई तकनीक सीखकर लौटें उद्यमी, मप्र में आधुनिक उत्पादों का हो निर्माण : सांसद

25 एमएसएमई उद्यमियों का दल मुंबई एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः भारत सरकार की रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 25 एमएसएमई उद्यमियों का दल शनिवार को 'मुंबई वुड 2026' एवं 'इंडेक्स प्लस' प्रदर्शनी के एक्सपोजर विजिट के लिए राजा भोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल, भोपाल से मुंबई रवाना हुआ। सांसद आलोक शर्मा ने सभी उद्यमियों को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। आरएएमपी योजना के माध्यम से उद्यमियों को बाजार विस्तार, ऋण सुविधा, क्षमता निर्माण, कौशल विकास और तकनीकी उन्नयन के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने उद्यमियों से एक्सपोजर विजिट का भरपूर लाभ उठाने और वहां उपलब्ध आधुनिक मशीनरी, नवीन तकनीकों, डिजाइन तथा उत्पादन की उन्नत प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उन्हें मध्यप्रदेश के उद्योगों में अपनाने का प्रयास करने का आह्वान किया। सांसद शर्मा ने कहा कि उद्देश्य उद्यमियों को तकनीकी बदलावों से परिचित कराने के साथ आधुनिक तकनीकों का लाभ मध्यप्रदेश के उद्योगों तक पहुंचाना भी है। नई तकनीक और नए विचारों से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और प्रतिस्पर्धी उत्पादों का निर्माण होगा। इससे उद्योगों को गति मिलने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और एमएसएमई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बना सकेंगे।

प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यमियों को वुडवर्किंग, फर्नीचर, आधुनिक मशीनरी, उत्पाद नवाचार, तकनीकी विकास तथा बाजार और व्यावसायिक अवसरों की जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सिद्धार्थ खरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पांच वर्षों में 27 प्रतिशत बढ़ा उच्च शिक्षा में नामांकन

नप्र, भोपालः प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में उच्च शिक्षा के विस्तार के साथ विद्यार्थियों के नामांकन में भी वृद्धि हुई है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण 2023-24 की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच प्रदेश में विश्वविद्यालयों की संख्या 66 से बढ़कर 89 और महाविद्यालयों की संख्या 3,148 से बढ़कर 3,418 हो गई। स्टैंड-अलोन संस्थानों की संख्या भी 379 से बढ़कर 440 हुई। प्रदेश में कुल विद्यार्थी नामांकन 2019-20 के 21.82 लाख से बढ़कर 2023-24 में 27,74,428 हो गया। इस तरह पांच वर्षों में नामांकन में करीब 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। महिला विद्यार्थियों का नामांकन भी 10,37,578 से बढ़कर 13,29,902 हो गया, जो करीब 28 प्रतिशत की वृद्धि है। उच्च शिक्षा का सकल नामांकन अनुपात 2019-20 में 23.0 था, जो 2023-24 में बढ़कर 29.0 हो गया। इसी अवधि में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिला विद्यार्थियों के नामांकन में भी वृद्धि हुई।

महापौर ने चल समारोह मार्गों का निरीक्षण किया

भोपाल। महापौर श्रीमती मालती राय ने भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन चल समारोह मार्गों का निरीक्षण कर निर्देश दिया कि चल समारोह मार्गों पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जायें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्रीमती शालिनी दीक्षित, नगर निगम के अधीक्षण यंत्री आर.आर.जरोलिया, कार्यपालन यंत्री अनिल ततवाड़े आदि मौजूद थे।

अंग्रेजी भाषा में युवा संतों ने दिया मानवता और भाईचारे का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत निरंकारी मिशन जोन 24-ए भोपाल की सीहोर शाखा में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम का आयोजन किया गया। सीहोर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित समागम मुंबई के ज्ञान प्रचारक देवीचंद लक्ष्मण कथेकर की मौजूदगी रही।

समागम में कथेकर ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश साध संगत एवं आमजन तक पहुंचाया। जोनल इंचार्ज महात्मा श्री अशोक जुनेजा जी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में भोपाल जोन की विभिन्न शाखाओं से आए संतों ने अंग्रेजी भाषा के माध्यम से मानवता, प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों एवं युवाओं ने विभिन्न भक्तिमय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नाटक, संवाद और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से निरंकारी मिशन की विचारधारा और मानवता की सेवा का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। युवा संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मिशन की गतिविधियों एवं समाजसेवा के कार्यों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर बैरागढ़ शाखा के संयोजक महेश वीधानी सहित भोपाल जोन की विभिन्न शाखाओं के संयोजक, मुखी, संचालक, सेवादल के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में साध संगत उपस्थित रही।

टीईटी की अनिवार्यता पर शिक्षकों ने विभाग से मांगा स्पष्टीकरण

नप्र, भोपालः शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल को एजेंसी घोषित करने और परीक्षा के दायरे में आने वाले शिक्षकों के पदनाम संबंधी आदेश जारी होने के बाद शिक्षक संगठनों ने विभाग से आठ सवाल पूछे हैं। संगठनों ने पूर्व में नियुक्त और वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता को लेकर नियम स्पष्ट करने की मांग की है।

शिक्षक नेताओं उपेंद्र कौशल और राजेश मिश्रा ने कहा कि विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि वर्ष 2018 से पहले नियुक्त शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति और सेवा निरंतरता पर टीईटी का कोई प्रभाव पड़ेगा या नहीं। साथ ही टीईटी में शामिल होने या उत्तीर्ण होने से वरिष्ठता, वेतन, पेंशन और अन्य सेवाकालीन लाभ प्रभावित होंगे या नहीं, यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए।

टीईटी की अनिवार्यता को लेकर ग्वालियर खंडपीठ में डब्ल्यूपी क्रमांक 33517/2026, राजेश मिश्रा विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य प्रकरण पेश किया गया है। याचिका में सेवाकाल में कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की उपयोगिता और संबंधित प्रावधानों को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, सात सितंबर 2026 के आदेश में न्यायालय ने टीईटी की अनिवार्यता से जुड़े प्रश्न पर विचार किया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने 15 सितंबर 2026 को टीईटी संबंधी नया आदेश जारी किया। इसके बाद शिक्षकों में सेवा स्थिति और टीईटी की अनिवार्यता को लेकर असमंजस है।

राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज में विद्यार्थियों ने परखा वित्तीय ज्ञान

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के सहयोग से संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर विमेन में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज 2026 के केंद्रीय क्षेत्रीय चरण का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय क्षेत्रीय चरण 19 और 20 सितंबर को आयोजित हो रहा है। इसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों एवं संस्थानों से स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों के वित्तीय ज्ञान, वित्तीय बाजारों की समझ तथा जिम्मेदार निवेश से जुड़े विषयों की जानकारी को परखा जा रहा है। इस चरण के प्रदर्शन के आधार पर चयनित टीमें नवंबर में होने वाले राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले में भाग लेंगी।

राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज एनआईएसएम की ओर से स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयोजित राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता है। इसका उद्देश्य युवाओं को वित्तीय बाजार, निवेश के विभिन्न माध्यमों और वित्तीय निर्णयों के प्रति जागरूक करना है।

शिक्षक पदवृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन 30वें दिन भी जारी

भोपाल। मध्यप्रदेश में वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन शनिवार को 30वें दिन भी जारी रहा।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मेकेनिकल खण्ड
अरविन्द विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया भोपाल 462043
Fax & Phone No. 0755293001, E-Mail ID :- emphbpl@nic.in

क्रमांक 1343 तक. / का.यं./लो.स्वा.या.वि./मैके.खण्ड / 2026 / भोपाल / दिनांक 17/09/2026

दैनिक किराये पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु निविदा क्रमांक 11 (द्वितीय आमंत्रण) / 2026-27 ऑन-लाईन निविदा

क्रमांक 2026_PHED_536720_1 दिनांक 17.09.2026

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2026-27 के दौरान आवश्यकता पड़ने पर दैनिक किराये पर, वाहन उपलब्ध कराने हेतु आर.टी.ओ. कार्यालय में रजिस्टर्ड प्रतिष्ठित एजेन्सियों से, जिन्हें इस तरह के कार्यों का न्यूनतम 05 वर्षों का अनुभव हो तथा प्रदायकर्ता/फर्म के नाम पर कम से कम 10 (इनोवा / स्कॉर्पियो / समकक्ष वाहन, टाटा जेस्ट / डिजायर / एंडियोज /फोर्ड असपायर / समकक्ष वाहन) वाहन रजिस्टर्ड हो, से दैनिक किराये पर (ईंधन सहित) की प्रस्तावित दरों हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 29.09.2026 सायं 17.00 बजे तक एप्रेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु आफिसेलर्स जैसे ई.एम.डी. एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा अनुसार निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन लाईन प्रस्तुत करना होगा। निविदा फार्म दिनांक 29.08.2026 सांय 17.00 बजे तक वेबसाईट: https://mptenders.gov.in पर राशि रूपये 2000/- (रु दो हजार) मात्र भुगतान कर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है

टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.)	धरोहर राशि (रू.)	टेण्डर मूल्य का (रू.)	टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि	समय अवधि
4,99,500.00	9,990.00	2,000.00	29.09.2026 17.00 बजे तक	30.09.2026 17.15 बजे तक	अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_536720_1 दिनांक 31.08.2026 उपलब्ध है।

Sd/-
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां वि. मेकेनिकल खण्ड
भोपाल

G-18796/26

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरी पक्षकार संस्था पी.एन.बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल द्वारा श्री दुर्गा प्रसाद लोधी आत्मज श्री तरवर सिंह लोधी निवासी- ई. डब्लू. एस. 370 इंद्रा नगर मंडीदीप तहसील गौहरगंज म.प्र. को एक आवासीय प्लाट नं. 587, जो कि 'शीतल दीप' ग्राम-पिपलिया गज्जू, वार्ड नं. 24, मण्डीदीप, तहसीलगौहरगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 16X40 = 640 वर्गफिट अर्थात 59.47 वर्गमीटर है, उक्त प्लाट खसरा क्रमांक 174 के रकबा 8.50 एकड़ में से 2.00 एकड़ एवं खसरा क्रमांक 173/1, रकबा 8.47 एकड़ में से 6.89 एकड़ एवं खसरा क्रमांक 174/1, रकबा 8.50 एकड़ में से 5.05 एकड़ के अंश भाग पर ग्राम पिपलिया गज्जू, प.ह.न. 3. पर स्थित है। चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है-पूर्व में:- प्लाट नं. 602, पश्चिम में: कॉलोनी का रोड उत्तर में:-प्लाट नं. 588, दक्षिण में:- इन्कमर्शियल सेक्टर, उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत किया गया है। क्योंकि यह संपत्ति स्व. श्रीमती रूक्मणी पैगवार जी के नाम से थी उनकी मृत्योपरांत श्री सत्य नारायण पैगवार आ. श्री नन्द किशोर पैंगवार, निवासी जूनियर एम.आई.जी. 65, एम्स अस्पताल के पास सेक्टर-2 सी, साकेत नगर भोपाल जिला भोपाल म.प्र. श्री गौरव पैगवार आत्मज श्री सत्यनारायण पैंगवार, निवासी जूनियर एम.आई.जी. 65-2 सी, एम्स साकेत नगर भोपाल जिला, के नाम नामांतरित हुई है। तदोपरांत श्री दुर्गा प्रसाद लोधी, आत्मज श्री तरबर सिंह लोधी निवासी ई.डब्ल्यू.एस. 370 इंद्रा नगर मंडीदीप तहसील गौहरगंज म.प्र.। इसके बाद श्री दुर्गा प्रसाद लोधी, आत्मज श्री तरबर सिंह लोधी द्वारा श्री सत्य नारायण पैगवार आत्मज श्री नन्द किशोर पैंगवार, श्री गौरव पैंगवार आत्मज श्री सत्यनारायण पैंगवार, से दिनांक -09.09.2026, जिसका इंपंजीयन क्र. MP45IGR18132026A101084241 क्रय किया गया है, यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक वित्तीय संस्थान, व्यक्ति संस्था, शासकीय अशासकीय, विभाग नजूल, नगर-निगम, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल भोपाल, आदि का कोई लेना-देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या अन्य किसी को उत्तराधिकार से संबंधित किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ऊपरवर्णित समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड भोपाल यह मानते हुए कि उक्त संपत्ति संबंधी किसी की कोई भी आपत्ति नहीं है, उक्त सम्पत्ति पर श्री दुर्गा प्रसाद लोधी को ऋण प्रदान कर देगी तथा भविष्य में मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड भोपाल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भवदीय
राजेन्द्र सिंह राजपूत (अधिवक्ता)
308 बी डी ए काम्प्लेक्स, शिवाजी नगर, भोपाल
मो.नं. 903924608, 07554922691

1690

कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 04 बावडिया कलां, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.
क्रं.1/रा.नि./2026 भोपाल, दिनांक 14/09/26
ग्राम नाम बावड़िया कलाँ

सूचना-पत्र

प्रति, 1- श्रीमती आरती पिता स्व श्री सुरेश सिंह निवासी भोपाल। श्री धनराज पिता स्व सुरेशसिंह नि. बाबड़िया कलाँ भोपाल। श्रीमती कमला बाई, श्रीमती कृष्णाबाई, निवासी भोपाल। 2- सावित्री बाई, शंकुनबाई, पिता हरनाम सिंह नि.भो., 3- धनराज पिता स्व सुरेशसिंह निवासी भोपाल, 4-श्रीमती लीला बाई पत्नी श्री जमनाप्रमाद पाटीदार 5- श्रीमती दीप्ति चुघ पत्नी श्री गुरुचरण चुघ नि.भो., 6- श्रीमती सहोदरा बाई पत्नी श्री कैलाश पाटीदार नि.भो., 7- श्री विजय सिंह पिता स्वश्री हरनाम सिंह नि. बाबड़िया कलाँ भोपाल, **विषयः-** बटान किये जाने हेतू बाबत् सूचना-पत्र। आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक-/अ-3/2026-27 में आवेदिका श्रीमती कृष्णाबाई, सावित्री बाई व अन्य निवासी भोपाल द्वारा ग्राम बावड़िया कलां प.ह.नं. 18. रा.नि.मं. 04 बाबड़िया कलाँ तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 284/2/2, 284/4/1 रकबा 0.0685 हेक्टेयर, 0.0350 हेक्टेयर कुल रकबा 0.1035 हेक्टेयर का राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज करने की कार्यवाही का स्थल का सीमांकन कर नक्शा बटांन, पंचनामा, सूचना-पत्र के साथ जांच प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 21/9/2026 को आवेदित स्थल पर समय बजे की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। सूचना प्राप्ति के हस्ताक्षर करे।

राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार
जिला भोपाल (म.प्र.)

1692

मछली पालन सहकारी संस्था मर्यादित, इस्लाम नगर, भोपाल

(पंजीयन क्रमांक/ ए.आर.बी/206
दिनांक 24.11.1983)
क्रमांक 2026/क्यू दिनांकः 15.09.2026

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

सत्या के समस्त अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा **स्थान हथाईखेड़ा रेस्ट हाउस, आनंद नगर, भोपाल** पर दिनाक 30.09.2026 को समय प्रातः 11.30 बजे आयोजित की गई है जिसमें आप सभी की उपस्थित प्रार्थनीय है। **विषय सूची :-**

1. गत वार्षिक आमसभा की पुष्टि एवं अनुमोदन। 2. वर्ष 2025-26 के आय व्यय का अवलोकन एवं अनुमोदन। 3. वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट का अनुमोदन। 4. संस्था में उपलब्ध लोडिंग वाहन विक्रय करने बाबत विचार। 5. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

नोटः- (1) सभा के लिए निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं हुई तो गणपूर्ति के अभाव में आपा घटा के लिए आमसभा स्थगित की जावेगी। यदि फिर भी गणपूर्ति नहीं होती है तो आमसभा उसी स्थान एवं दिनांक को सम्पन्न की जावेगी तथा इस आमसभा में लिये गये निर्णय सर्वमान्य होगे।

(मुन्नालाल)
अध्यक्ष
मछली पालन सहकारी संस्था
मर्यादित, इस्लाम नगर, भोपाल

1691

आमसूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार निशा चौरे पत्नी योगेश चौरे, आयु-वयस्क, निवासी वार्ड नं. 17, तालाब मोहल्ला, सनखेड़ा, इटारसी, जिला होशंगाबाद (म.प्र.) द्वारा श्री राजेश कौशिक पिता श्री प्रकाश कौशिक, निवासी एस-398 नेहरू नगर, भोपाल से उनके स्वत्व स्वामित्व का एक मकान एस-398 नेहरू नगर, भोपाल स्थित को क्रय करने के लिए अनुबंध किया गया है, जिसकी चतुर्थ सीमा पूर्व में एस-397, पश्चिम में एस-399, उत्तर में रोड, दक्षिण में एलआईजी का मकान वार्ड नंबर 29, कुल एरिया 587.5 वर्गफीट के सम्बध में किसी व्यक्ति संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक, समिति इत्यादि को किसी प्रकार का हक हो, अनुबंध हो, दानपत्र, वसीयतनामा, बन्धकनामा, वाद विवाद हो अथवा आपत्ति हो, तो इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करें, समयावधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय-पत्र का निष्पादन अपने पक्ष में करवाने हेतु अग्रसर होगा एवं तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
रमाकांत नायक अधिवक्ता
फ्लेट नं. ए-6, द्वितीय तल माचना कॉलोनी, राजीव गांधी स्कूल के पास शिवाजी नगर भोपाल
मो.न. 8818943809

1689

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि. भोपाल

क्रमांक 60 / वलेलि/2026 भोपाल, दिनांक 15/09/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

मध्य प्रदेश के राज्यपाल की ओर से कैफेटेरिया / कैंटीन संचालकों से निम्नांकित कार्यों हेतु मोहरबंद निविदांए आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

स. क्रं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र की राशि (रु)	अमानत राशि (रु)	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक एवं समय	1) निविदा प्राप्ती का दिनांक 2) कार्यालय	1) निविदा खोलने का दिनांक/ समय 2) कार्यालय	1) कार्य पूर्ण करने की अवधि 2) ठेकेदार की श्रेणी 3) आमंत्रण क्रं.
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	शौर्य स्मारक परिसर भोपाल में कैफेटेरिया का संचालन	रू.5000/-	1) रु. 1,00,000/- (रू.एक लाख) मात्र	29.09.26 को सांय 5.30 बजे तक निर्माण	30.09.26 को सांय 5.30 बजे तक 2) कार्या. कार्यपालन यंत्री निर्माण संभाग क्रं-1, राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल	01.10.26 प्रात